टीएफडी/2022-23/000153/

दिनांक: 20 फरवरी, 2022

विषय: न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमरीका में दिनांक 25-27 जून 2023 को आयोजित समर फैंसी फूड शो में एपीडा की भागीदारी के संबंध में

समर फैंसी फूड शो उत्तरी अमेरिका में सबसे बड़ा खाद्य विशिष्टता उद्योग कार्यक्रम है , और नवाचार उद्योग का प्रमुख प्रदर्शक है। समर फैंसी फूड शो में बेक किये हुए खाद्य पदार्थ और सामग्री , पेय पदार्थ , कन्फेक्शनरी, खाद्य उपहार , डेयरी और अंडे , जमे हुए खाद्य पदार्थ , दाने, अनाज और पास्ता , लाइफस्टाइल उत्पाद, मांस और गौर्मेट उत्पाद, बीन्स और स्ट्यू , तेल, सॉस और स्नैक्स , सिरप, स्प्रेड, फल और सब्जियां और सिरका आदि जैसे उत्पादों का प्रदर्शन किया जाता है। यह मेला नवीनतम नवाचारों और सर्वोत्तम उत्पादों की खोज करने , प्रमुख व्यावसायिक संबंध बनाने , उद्योग के सहभागियों के साथ नेटवर्क बनाने और भविष्य में विशिष्ट भोजन के लिए क्या है , इस पर एक नज़र डालने का अवसर भी प्रदान करता है। यह इस बाजार में भारतीय बाजरा उत्पादों के निर्यात के लिए लाभ प्रदान करता है तदनुसार एपीडा अनुसूचित उत्पादों को संयुक्त राज्य अमरीका में उपयुक्त बाजार मिलने की संभावना है।

इसके अतिरिक्त , वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय वर्ष बाजरा घोषित किया गया है , इसलिए बाजरा और बाजरा के मूल्य वर्धित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एपीडा ने पोषक-अनाज की आपूर्ति श्रृंखला में सुधार के लिए समर फैंसी फूड शो में भाग लेने की योजना बनाई है , क्योंकि प्राकृतिक उत्पादों की श्रेणी के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बाजार में आधे बाजरा का निर्यात किया जाता है। इस आयोजन का महत्व इस तथ्य में निहित है कि यह संयुक्त राज्य अमरीका में आयोजित किया जा रहा है जो बाजरा और बाजरा आधारित उत्पादों का एक प्रमुख निर्यातक है। किंतु अभी तक , संयुक्त राज्य अमरीका मुख्य रूप से फ्रांस , रूस और कनाडा से बाजरा आयात कर रहा है , और इसने भारत से आयात में बहुत कम रुचि दिखाई है। इसलिए यह प्लेटफॉर्म भारत को बाजरा और बाजरा आधारित उत्पादों (विशेष रूप से प्राकृतिक उत्पादों) की गुणवत्ता को विश्व की विकसित अर्थव्यवस्थाओं में प्रदर्शन के लिए और इस तरह से अन्नवेषित बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए नया अवसर प्रदान करता है।

एपीडा ने अपनी भागीदारी के लिए **300 वर्ग मीटर** स्थान लिया है। एपीडा भारतीय पवेलियन को सौंदर्यबोध की दृष्टि से से डिजाइन किया जाएगा और निर्यातकों को **9 वर्ग मीटर** का व्यक्तिगत क्यूबिकल प्रदान किया जाएगा। प्रति सुसज्जित क्यूबिकल की लागत **दो लाख रुपये** है। आयोजन में भाग लेने के अनुरोध पर पहले

आओ पहले पाओ के आधार पर विचार किया जाएगा। इच्छुक निर्यातकों से अनुरोध है कि वे अपनी पुष्टि **दिनांक 15 मई 2023** तक ईमेल आईडी: ravindra@apeda.gov.in/meenasingh@apeda.gov.in पर भेज दें।

आयोजन में एपीडा की भागीदारी का समन्वय श्री आर. रविंद्रा , महाप्रबंधक (फोन- 9999307787), और सुश्री मीना सिंह , सहायक महाप्रबंधक (9810671696) , एपीडा द्वारा किया जाएगा। अतिरिक्त किसी भी स्पष्टीकरण के मामले में , कृपया उपरोक्त अधिकारियों से संपर्क करें।

सादर,

(आर. रविंद्रा)
महाप्रबंधक

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद
निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा)

एपीडा, तीसरी मंजिल, एनबिल्डिंग .आई.यू.सी., 3 सीरी सांस्थानिक क्षेत्र, अगस्त क्रांति मार्ग,
(खेल गांव के सामने(नई दिल्ली – 110016, फोन-011-26513204/26513219/2651

भागीदारी के लिए आवेदन प्रपत्र

मेला/प्रदर्शनी का नाम	**47वां विंटर फैंसी फूड शो, लास वेगास**
मेला/प्रदर्शनी की तिथि	15 से 17 जनवरी, 2023 तक
एपीडा पंजीकरण (आरसीएमसी) संख्या	
कंपनी का नाम	
पूरा पता : शहर : राज्य : दूरभाष : ईमेल : मोबाइल नं. : वेबसाइट (यदि कोई हो):	
प्रमुख कार्यपालक का नाम, पदनाम एवं मोबाइल नं.	
निर्यातक का प्रकार: विनिर्माता / व्यापारी	
उत्पाद श्रेणी	
उत्पाद विवरण	
वर्ष 2021-22 में कंपनी का निर्यात टर्नओवर	रुपये में
संगठन की गतिविधियाँ	

<u>भुगतान विवरण</u>

भारतीय रुपये में निम्नलिखित बैंक खाते में ऑनलाइन मोड के माध्यम से भुगतान किया सकता है:

1. बैंक का नाम: भारतीय स्टेट बैंक
2. बैंक खाता सं.: 57022180304
3. आईएफएससी कोड: SBIN0007407
4. राशि रुपये में: -------------------------------

भुगतान विवरण के साथ भरा हुआ आवेदन प्रपत्र दिनांक 23/12/2022 को शाम 5:00 बजे तक एपीडा, नई दिल्ली को भेजा जा सकता है।

मोबाइल____________________ ई-मेल___________________________

दिनांक: ___/ /____________आवेदक के हस्ताक्षर और मोहर : ___________________